प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फ्रांस के राजदूतावास से सलाहकार का विश्वविद्यालय भ्रमण

पन्तनगर। 14 जून, 2024। भारत में स्थित फ्रांस एम्बेसी से श्रीमती मोनिक त्रान, कृषि मामलों के सलाहकार द्वारा विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर में म्यूजियम एवं विभिन्न महाविद्यालयों का भ्रमण किया गया और वैज्ञानिकों से विचार–विमर्श किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से उन्होंने मुलाकात की और विश्वविद्यालय तथा डेफिया कार्यक्रम के अन्तर्गत फ्रांस के साथ चल रहे सहयोग के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के आवागमन के विषय में चर्चा की। जुलाई माह में फ्रांस के 23 विद्यार्थी एक माह के लिए विश्वविद्यालय में आएंगे तथा विश्वविद्यालय के 20 संकाय सदस्यों का एक समूह अक्टूबर माह में फ्रांस का भ्रमण करेगा। उन्होंने कुलपति से दोहरी डिग्री की सम्भावनाओं पर भी विचार–विमर्श किया जिसमें एक–दूसरे संस्थान के विद्यार्थी एक षठ्मास के लिए अध्ययन करेंगे। कुलपति ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के साथ विश्वविद्यालय का यह कार्यक्रम चल रहा है। अतः फ्रांस के साथ भी इन सम्भावनाओं पर विचार किया जा सकता है।

1. श्रीमती मोनिका त्रान का सम्मान करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार